# Rajasthan
## Police Constable
## Paper 2022

## Previous Year Paper
### 14th May 1st Shift

GET IT ON Google Play

Adda247
GET IT ON Google Play

| प्रश्न–पुस्तिका संख्या | प्रश्न–पुस्तिका में 32 पृष्ठ हैं | | **PAPER-19** प्रश्न–पुस्तिका | प्रश्न–पुस्तिका सीरीज़ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **D** |

जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न–पुस्तिका को नहीं खोलें।

| समय : दो घण्टे | **अनुदेश** | पूर्णांक : 150 |
|---|---|---|

रोल नम्बर

1. कृपया अपने रोल नम्बर ओ.एम.आर. पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पुस्तिका हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की भलीभाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि :
   - प्रश्न–पुस्तिका संख्या एवं **OMR Answer Sheet No.** एक समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की सीरीज समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 150 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार मौजूद हैं।
3. किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
4. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
5. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सही लगे।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये ओ.एम.आर. पर ही अंकित करने हैं।
7. ओ.एम.आर. को भरने हेतु निर्देश ओ.एम.आर. के पृष्ठ भाग पर अंकित हैं, जिन्हें ओ.एम.आर. को भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लें।
8. इस प्रश्न–पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते हैं।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की **ORIGINAL COPY** एवं **DEPARTMENT COPY** को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।
11. परीक्षा समाप्त होने पर केवल ओ.एम.आर. (**OMR**) की **CANDIDATE'S COPY** को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था :
    (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (ii) यदि परीक्षार्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो उसे गलत मानते हुए ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (iii) यदि परीक्षार्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।

**चेतावनी** – अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस परीक्षार्थी अभ्यर्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग उसे अपनी समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।

यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न–पुस्तिका सीलबंद है।

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) ..............................
अनुक्रमांक अंकों में ..............................
शब्दों में ..............................
परीक्षा केन्द्र का नाम : ..............................
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : .............................. अभिजागर के हस्ताक्षर : ..............................

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

GET IT ON Google Play

Q1 अब अधिकांश प्रोजेक्टर में उनके इनपुट स्रोत के रूप में कंप्यूटर से _______ केबल या वीजीए (VGA) केबल का उपयोग किया जाता है।

(A) एचडीएमआई (HDMI)

(B) ईथरनेट

(C) पीएस/2 (PS/2)

(D) ऑडियो

Q2 जब आप विंडोज 10 ओएस (Windows 10 OS) में कोई फ़ोल्डर खोलते हैं और CTRL + A की दबाते हैं, तो क्या होता है?

(A) मौजूदा फ़ोल्डर के सब-फ़ोल्डरों को छोड़कर सभी फ़ाइलें चयनित होती हैं।

(B) मौजूदा फ़ोल्डर की फ़ाइलों को छोड़कर सभी सब-फ़ोल्डर चयनित होते हैं।

(C) मौजूदा फ़ोल्डर की सभी फ़ाइलें और सब-फ़ोल्डर चयनित होते हैं।

(D) मौजूदा फ़ोल्डर की केवल पहली 10 फ़ाइलें और सब-फ़ोल्डर चयनित होते हैं।

Q3 निम्नलिखित में से कौन-सी एक ओपन-सोर्स टाइम-शेयरिंग ऑपरेटिंग सिस्टम है?

(A) एमएस-डॉस (MS-DOS)

(B) विन्डोज

(C) लिनक्स

(D) यूनिक्स

Q4 निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम से संबंधित नहीं हो सकती है?

(A) पोर्टेबल

(B) ओपन-सोर्स

(C) मल्टीटास्किंग

(D) GUI (जीयूआई) सपोर्ट

Q5 विंडोज 10 (Windows 10) में, फाइल मैनेजमेंट एप्लिकेशन को _______ नाम दिया गया है, जिसका उपयोग विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा फोल्डर और फाइलों को ब्राउज़ करने के लिए किया जाता है।

(A) फ़ाइल सर्च

(B) फ़ाइल नेविगेशन

(C) फ़ाइल ब्राउज़र

(D) फाइल एक्सप्लोरर

Q6 वेब ब्राउज़र में प्लग-इन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **गलत** है?

(A) वेब ब्राउज़र में उपयोग के लिए अभिप्रेत एप्लिकेशन

(B) प्लग-इन, एक्टिव एक्स (ActiveX) कंट्रोल की तरह होते हैं।

(C) प्लग-इन को वेब ब्राउज़र के बाहर निष्पादित किया जा सकता है।

(D) एडोब फ्लैश एक एप्लिकेशन का उदाहरण है जो प्लग-इन के रूप में उपलब्ध है।

Q7 निम्नलिखित में से कौन सा, एक कंप्यूटर है जो इंटरनेट पर एक वेबसाइट को होस्ट करता है?

(A) वेब पेज

(B) वेब सर्वर

(C) सर्च इंजन

(D) वेब ब्राउज़र

Q8 एमआईसीआर (MICR) स्कैनर _________ का एक उदाहरण है।

(A) इनपुट डिवाइस

(B) आउटपुट डिवाइस

(C) सेकेंडरी मेमोरी

(D) कंट्रोल यूनिट

Q9 निम्नलिखित में से कौन सी, कंप्यूटर सिस्टम की सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस **नहीं** है?

(A) कॉम्पैक्ट डिस्क

(B) पेन ड्राइव

(C) फ्लैश ड्राइव

(D) डीरैम (DRAM)

Q10 निम्नलिखित में से कौन–सी, एक प्रकार की पारंपरिक सेमीकंडक्टर मेमोरी (आमतौर पर रैम) है जिसमें अतिरिक्त तुलना सर्किट होता है जो एकल क्लॉक सायकल में एक सर्च ऑपरेशन को पूरा करना सक्षम (enable) बनाता है?

(A) एड्रैस-बेस्ड मेमोरी

(B) सेकेंडरी मेमोरी

(C) ऑक्सिलरी मेमोरी

(D) एसोसिएटिव मेमोरी

Q11 कंप्यूटर सिस्टम की निम्नलिखित में से कौन सी इनपुट डिवाइस अधिकांश फोटोकॉपी मशीन की तरह काम करती है?

(A) ट्रैक बॉल

(B) स्कैनर

(C) लाइट पेन

(D) डिजिटाइज़र

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q12 अक्षरों का एक समूह दिया गया है जिसकी संख्या 1 से 8 है। नीचे दिए गए चार विकल्प इन संख्याओं के संयोजन को दर्शाते हैं। संख्याओं के उस संयोजन का चयन करें जो उसके अनुसार व्यवस्थित किए गए अक्षरों से एक अर्थपूर्ण शब्द बना सकें।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | G | S | N | R | A | E | O |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |


(A) 6, 3, 5, 2, 1, 4, 8, 7

(B) 8, 5, 2, 6, 4, 1, 3, 7


(C) 6, 3, 5, 2, 4, 1, 8, 7


(D) 3, 5, 2, 6, 4, 7, 8, 1


Q13 उस विकल्प का चयन करें, जो दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) का स्थान ले सकता है और पैटर्न को पूरा कर सकता है। (घुमाव की अनुमति नहीं है)




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q14 दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो पैटर्न में दिए गए प्रश्नवाचक चिह्न (?) का स्थान ले सके।

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 |
| 9 | 13 | ? |
| 4 | 9 | 5 |

(A) 11

(B) 9

(C) 12

(D) 8

Adda247
GET IT ON Google Play

Q15 दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए निम्नलिखित में से किन दो चिह्नों को आपस में बदलने की आवश्यकता है?

24 – 8 ÷ 4 + 5 x 3=14

(A) ÷ और x

(B) x और –

(C) + और ÷

(D) ÷ और –

Q16 * चिह्नों को बदलने और निम्नलिखित समीकरण को संतुलित करने के लिए गणितीय चिह्नों के सही संयोजन का चयन करें।

(37 * 13) * 6 * 3 * 7


(A) ÷ + x =

(B) - ÷ + =

(C) + ÷ x =

(D) x + ÷ =

Q17 नीचे दिए गए वेन आरेख में, 'वृत्त', 'महिलाओं' को निरूपित करता है; 'त्रिकोण', 'विवाहितों' को निरूपित करता है, 'आयत', '30 वर्ष से कम' को निरूपित करता है और 'वर्ग', 'नियोजित लोगों' को निरूपित करता है। आरेख में दी गई संख्याएं उस श्रेणी विशेष के व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। 30 वर्ष से कम आयु के कितने अविवाहित बेरोजगार हैं?





(A) 2


(B) 8

(C) 10

(D) 4

Q18 यदि दी गई आकृति को मोड़कर एक घन बनाया जाए, तो कौन-सा वर्ण *a* के विपरीत फलक पर आएगा?




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 


Adda247

Q19 एक कथन के बाद दो धारणाएं I और II दी गई हैं। कथन को सत्य मानें और तय करें कि दी गई धारणाओं में से कौन सी/या दोनों कथन में अंतर्निहित है/हैं।

**कथन**:

इस समय शेयर बाजार में रेखा का निवेश महज एक जुआ है।

**धारणाएं:**

I. उसे शेयर बाजार में नुकसान हो सकता है।

II. संभव है कि उसे शेयर बाजार में अच्छा रिटर्न मिले।

(A) केवल धारणा I अंतर्निहित है।

(B) केवल धारणा II अंतर्निहित है।

(C) न तो धारणा I और न ही II अंतर्निहित हैं।

(D) धारणाएँ I और II दोनों ही अंतर्निहित हैं।

Q20 एक प्रश्नवाचक कथन के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। तय करें कि कथन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तर्क 'सशक्त' है।

**कथन:**

क्या सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए बजट आवंटन बढ़ाया जाना चाहिए?

**तर्क:**

I. हां, क्योंकि भारत में भी खेलों में कई प्रतिभाशाली युवा हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण हमारा देश अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ है।

II. नहीं, भारत एक गरीब देश है और इस धन का इस्तेमाल कल्याणकारी गतिविधियों के लिए किया जाना चाहिए।

(A) केवल तर्क I सशक्त है।

(B) केवल तर्क II सशक्त है।

(C) या तो I या II सशक्त हैं।

(D) न तो I और न ही II सशक्त है।

Q21 अश्विनी अपने कार्यालय से शुरूआत करता है और पूर्व की ओर 90 km ड्राइव करता है। फिर वह दायें मुड़ता है और 20 km ड्राइव करता है। फिर वह दायें मुड़ता है और 30 km ड्राइव करता है। फिर वह दायें मुड़ता है और 100 km ड्राइव करता है और अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचता है। अंतिम गंतव्य के सन्दर्भ में उसका कार्यालय किस दिशा में स्थित है और उसके कार्यालय और अंतिम गंतव्य के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है?

(A) 100 m दक्षिण-पश्चिम

(B) 10 m पश्चिम

(C) 100 m उत्तर-पूर्व

(D) 10 m पूर्व

Q22 दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको इन कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता/ते है/हैं।

**कथन:**

2) सभी कौवे फुदकी चिड़िया (व्रेन) हैं।

3) कोई भी फुदकी चिड़िया (व्रेन) बाज़ (फाल्कन) नहीं है।

**निष्कर्ष:**

I. सभी कौवे बाज़ (फाल्कन) हैं।

II. कुछ बाज़ (फाल्कन) फुदकी चिड़िया (व्रेन) हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

Q23 'गुच्छे (Bunch)' का संबंध 'अंगूर' से उसी प्रकार है जैसे 'झुंड (Herd)' का संबंध ________ से है।

(A) भीड़

(B) पालतू पशु

(C) मुर्गी/चूज़े

(D) मक्खियों

Q24 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।

RKP : VHS :: UJM : ?

(A) XHQ

(B) YHQ

(C) XGP

(D) YGP

Q25 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरी संख्या पहली संख्या से और छठी संख्या पांचवीं संख्या से संबंधित है।

108 : 9 :: 132 : ? :: 180 : 15


(A) 8


(B) 10


(C) 11


(D) 12


Q26 उस आकृति का चयन करें जो तीसरी आकृति से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरी आकृति पहली आकृति से संबंधित है।




(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


Q27 एक निश्चित कूट भाषा में, यदि 'टेबल' को 'कुर्सी' कहा जाता है, 'कुर्सी को' ब्लैकबोर्ड ' कहा जाता है, 'ब्लैकबोर्ड' को 'चॉक' कहा जाता है, 'चॉक' को 'डस्टर' कहा जाता है, 'डस्टर' को 'शिक्षक' कहा जाता है', तो शिक्षक कहाँ पर लिखता है?

(A) कुर्सी

(B) डस्टर

(C) ब्लैकबोर्ड

(D) चॉक

Q28 राजस्थान के एक पारंपरिक नृत्य का नाम क्या है, जो अधिकतर महिलाओं द्वारा लहरदार लंबे घाघरे और रंगीन दुपट्टे पहनकर किया जाता है, नृत्य में एक सम्मोहक लय होती है जो चरमस्थिति में पहुँचने तक गति पकड़ती जाती है?

(A) मयूर नृत्य
(B) दुमहल
(C) घूमर
(D) नाटी

Q29 राजस्थान का निम्नलिखित में से वह कौन सा नृत्य है, जिसमें मूल रूप से महिला नर्तकियां अपने सिरों पर कुछ घड़ों को संतुलित करके एक साथ नृत्य करती हैं?

(A) भवाई
(B) घूमर
(C) कालबेलिया
(D) तेजाजी

Q30 मंदिर श्री वीर तेजा जी, जो जोधपुर राज्य के महाराजा अभय सिंह द्वारा बनवाया गया था, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(A) प्रतापगढ़
(B) नागौर
(C) जालौर
(D) पाली

Q31 राजस्थानी भाषा साहित्य और संस्कृति अकादमी कहाँ स्थित है?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) उदयपुर

Q32 राजस्थान के किस प्रसिद्ध लेखक द्वारा "रूप की धूप" नामक पुस्तक लिखी गई है?

(A) सांवर दइया
(B) गुलाब खंडेलवाल
(C) विजयदान देथा
(D) अर्जुन देव चरण

Q33 राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय __________ में स्थित होगा।

(A) करोली
(B) दौसा
(C) जामडोली
(D) भरतपुर

Q34 मार्च 2022 के महीने में, राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

(A) न्यायमूर्ति सलीम खान
(B) न्यायमूर्ति राम मनोहर गुप्ता
(C) न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा
(D) न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव

Q35 निम्नलिखित में से कौन सा अभियान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की नीतियों को किसानों को वितरित करने से संबंधित है?

(A) मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ
(B) मेरी फ़सल, मेरे साथ
(C) मेरी फ़सल, मेरी ज़मीन
(D) मेरी पॉलिसी, मेरे साथ

Q36 राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री. शिव चरण माथुर किस राजनीतिक दल से संबंधित थे?
(A) भारतीय जनता पार्टी
(B) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(C) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
(D) भारतीय जन संघ

Q37 राजस्थान लोक सेवा आयोग ________ से प्रभाव में आया।
(A) 22 नवंबर, 1949
(B) 22 दिसंबर, 1949
(C) 22 जनवरी, 1950
(D) 22 फरवरी, 1950

Q38 मार्च 2022 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के माननीय अध्यक्ष कौन हैं?
(A) श्री. अशोक मीणा
(B) श्री. गोपाल कृष्ण व्यास
(C) श्री. महेश गोयल
(D) श्री. सविता राठी

Q39 राज्य निर्वाचन आयोग (एस.ई.सी.), राजस्थान का गठन ________ में किया गया था।
(A) 1994
(B) 1990
(C) 1991
(D) 1989

Q40 मार्च 2022 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त कौन हैं?
(A) राम कुमार शर्मा
(B) देवेंद्र भूषण गुप्ता
(C) नीरज वर्मा
(D) उपेंद्र सिंह

Q41 राजस्थान में कृषि क्षेत्र की कुल हिस्सेदारी 2011-12 में 28.56 प्रतिशत से बढ़कर 2020-21 में स्थिर (2011-12) कीमतों पर ________ प्रतिशत हो गई है।
(A) 33.22
(B) 31.56
(C) 29.45
(D) 36.64

Q42 राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना (राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (आर.यू.आई.डी.पी.)) निम्नलिखित में से किस वर्ष में शुरू की गई थी?
(A) 1998
(B) 1999
(C) 2000
(D) 2001

Q43 निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना (आर.यू.आई.डी.पी.) का समर्थन किया है?
(A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(B) रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड
(C) विश्व बैंक
(D) एशियाई विकास बैंक

Q44 राजस्थान मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना, वर्ष ________ में चरणबद्ध तरीके से शुरू की गई थी।
(A) 2013
(B) 2014
(C) 2015
(D) 2016

Q45 हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजस्थान का कौन सा शहर महाकाव्य महाभारत से संबंधित है और सरिस्का टाइगर रिजर्व के निकट है?

(A) विराटनगर

(B) चुरू

(C) बूंदी

(D) दौसा

Q46 जयपुर के संस्थापक महाराजा जय सिंह द्वितीय के पिता कौन थे?

(A) महाराजा चरण सिंह

(B) महाराजा उदय सिंह

(C) महाराजा बिशन सिंह

(D) महाराजा कल्याण सिंह

Q47 ________ के स्वागत के लिए जयपुर शहर को गुलाबी रंग में रंगा गया था।

(A) अल्बर्ट एडवर्ड

(B) हेनरी VIII

(C) एलिज़ाबेथ द्वितीय

(D) क्वीन विक्टोरिया

Q48 निम्नलिखित में से कौन मेवाड़ प्रजा मंडल से संबंधित थे?

(A) माणिक्य लाल वर्मा

(B) मुरारी लाल वर्मा

(C) ज्ञान प्रसाद वर्मा

(D) कुंदन लाल वर्मा

Q49 1949 में, बीकानेर, जयपुर, जैसलमेर और जोधपुर, संयुक्त राज्य राजस्थान के साथ जुड़ गए और राज्यों के एक समूह का गठन किया जिसे ________ कहा जाता है।

(A) पुनः-संगठित राजस्थान

(B) ग्रेटर राजस्थान

(C) संयुक्त राजस्थान

(D) राजस्थान संघ

Q50 राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री और संविधान सभा के सदस्यों के लिए समान अधिकारों के प्रस्तावक कौन थे?

(A) जमुना लाल गुप्ता

(B) हीरालाल शास्त्री

(C) कृपाल योगी

(D) राम लाल हादिया

Q51 बसवा, लालसोत, महवा और सिकाई तहसीलें राजस्थान के किस जिले के अंतर्गत आती हैं?

(A) सीकर

(B) कोटा

(C) अलवर

(D) दौसा

Q52 निम्नलिखित में से कौन सा शहर राजस्थान का पाँचवाँ सबसे बड़ा शहर है?

(A) कोटा

(B) अजमेर

(C) अलवर

(D) बीकानेर

Q53 सती (रोकथाम) अधिनियम, 1987 की कौन सी धारा में सती प्रथा के महिमामंडन के लिए सजा निर्धारित की गई है?

(A) धारा 6
(B) धारा 4
(C) धारा 5
(D) धारा 8

Q54 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 3 किससे संबंधित है?

(A) पुलिस अधिकारी के कर्तव्य
(B) संरक्षण अधिकारी की नियुक्ति
(C) घरेलू हिंसा की परिभाषा
(D) परामर्श (काउंसलिंग)

Q55 गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, (पी.सी.पी.एन.डी.टी.) 1994 किस वर्ष में अधिनियमित किया गया था?

(A) 2013
(B) 2015
(C) 2016
(D) 1994

Q56 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की किस धारा के तहत सुरक्षात्मक गृहों की स्थापना का प्रावधान किया गया है?

(A) धारा 21
(B) धारा 18
(C) धारा 17
(D) धारा 10

Q57 किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 2(35) के अनुसार 'किशोर' का अर्थ है, _______ से कम आयु का बालक।

(A) बीस वर्ष
(B) इक्कीस वर्ष
(C) उन्नीस वर्ष
(D) अट्ठारह वर्ष

Q58 किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अनुसार, 'एक बालक जिस पर आरोप लगाया गया है या जिसने कोई अपराध किया है और जिसने इस तरह के अपराध के होने की तिथि को अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी नहीं की है' को ________ के रूप में जाना जाता है।

(A) बालक को देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है
(B) परित्यक्त बालक
(C) कानून के विरोध में बालक
(D) अपराधी बालक

Q59 बाल और किशोर श्रम (निषेध और नियमन) अधिनियम, 1986 की _______ में कुछ व्यवसायों और प्रक्रियाओं में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाया गया है।

(A) धारा 6
(B) धारा 5
(C) धारा 3
(D) धारा 11

Adda247

Q60 2011 की जनगणना के अनुसार, असम की जनसंख्या, भारत की कुल जनसंख्या का लगभग ________ है।
(A) 4.67%
(B) 2.58%
(C) 1.03%
(D) 7.34%

Q61 भारत की आर्द्रभूमि (wetlands) को निम्नलिखित में से कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है?
(A) पाँच
(B) छह
(C) सात
(D) आठ

Q62 नीलगिरी, अन्नामलाई और पालनी पहाड़ियों में समशीतोष्ण वन ________ कहलाते हैं।
(A) शोल
(B) पलाश
(C) तेंदू
(D) खैर

Q63 भारत में नीलगिरि जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?
(A) 1982
(B) 1986
(C) 1988
(D) 1990

Q64 26 जनवरी 2006 को, भारत के संविधान के गठन के ________ वर्ष पूर्ण हुए थे।
(A) 54
(B) 55
(C) 56
(D) 57

Q65 संविधान का 42वाँ संशोधन निम्नलिखित में से किस वर्ष किया गया था?
(A) 1976
(B) 1977
(C) 1978
(D) 1979

Q66 भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किस संशोधन द्वारा, संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था?
(A) 41वें
(B) 42वें
(C) 43वें
(D) 44वें

Q67 रॉकेट, ________ संरक्षण के सिद्धांत पर कार्य करता है।
(A) बल
(B) दाब
(C) संवेग
(D) त्वरण

Q68 आलू के चिप्स आदि खाद्य पदार्थों को खराब होने से बचाने के लिए उनकी पैकेजिंग में ________ नामक अक्रिय गैस का प्रयोग किया जाता है।
(A) ऑक्सीजन
(B) हाइड्रोजन
(C) क्लोरीन
(D) नाइट्रोजन

Q69 निम्नलिखित में से किस वर्ष बाबर के उत्तराधिकार के रूप में हुमायूँ ने स्थान प्राप्त किया?
(A) 1525
(B) 1528
(C) 1530
(D) 1532

Q70 निम्नलिखित में से कौन लंदन में प्रशिक्षित गुजराती सार के वकील (lawyer of Gujarati extraction) थे?
(A) वल्लभभाई पटेल
(B) दादाभाई नौरोजी
(C) महादेव देसाई
(D) मोहम्मद अली जिन्ना

Q71 बारडोली में किसान सत्याग्रह निम्नलिखित में से किस वर्ष में प्रारंभ हुआ था?
(A) 1925
(B) 1928
(C) 1931
(D) 1933

Q72 1930 में वायसराय ________ को महात्मा गांधी ने अपने 'नमक सत्याग्रह' की अग्रिम सूचना दी थी।
(A) लॉर्ड इरविन
(B) लॉर्ड चार्ल्स कार्नवालिस
(C) लॉर्ड चार्ल्स वैलेस्ली
(D) लॉर्ड विलियम बेंटिक

Q73 1937 में, ग्यारह में से कितने प्रांतों में कांग्रेस के 'प्रधानमंत्री' थे जो अंग्रेज गवर्नर के पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करते थे?
(A) पांच
(B) छह
(C) सात
(D) आठ

Q74 निम्नलिखित में से कौन सा, पूर्वांचल पहाड़ियों का एक भाग है?
(A) पटकाई पहाड़ियाँ
(B) नियमगिरि पहाड़ियाँ
(C) मलयगिरि पहाड़ियाँ
(D) धौली पहाड़ियाँ

Q75 गंगा का मैदान घग्घर और ________ नदियों के बीच फैला हुआ है।
(A) दामोदर
(B) तीस्ता
(C) स्वर्णरेखा
(D) महानदी

Q76 भारत में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में निम्न वनस्पति आच्छादन वाली शुष्क जलवायु पाई जाती है?
(A) तटवर्ती मैदान
(B) द्वीप
(C) प्रायद्वीपीय पठार
(D) भारतीय मरूस्थल

Q77 कंप्यूटर माउस के संदर्भ में, बायाँ बटन आइटम को ________ करने में मदद करता है, जबकि दायाँ बटन मेनू को ________ करने में मदद करता है।
(A) सेलेक्ट; डिस्प्ले
(B) डिस्प्ले; सेलेक्ट
(C) रीड; राइट
(D) राइट; रीड

Q78 कंप्यूटर कीबोर्ड पर प्रिंट स्क्रीन कुंजी, निम्नलिखित में से किस श्रेणी से संबंधित है?
(A) टाइपिंग कुंजियां
(B) फ़ंक्शन कुंजियां
(C) कंट्रोल कुंजियां
(D) स्पेशल-परपज़ कुंजियां

Q79 निम्नलिखित में से कौन सी, कंप्यूटर की पॉइंटिंग डिवाइस है?
(A) माउस
(B) कीबोर्ड
(C) माइक्रोफ़ोन
(D) एमआईसीआर (MICR)

Q80 कंप्यूटर पर गेम खेलने के लिए निम्नलिखित में से किस डिवाइस का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है?
(A) स्कैनर
(B) टचपैड
(C) कीबोर्ड
(D) जोयस्टिक

Q81 डॉट-मैट्रिक्स प्रिंटर को ______ प्रिंटर भी कहा जाता है।
(A) पिन
(B) टेप
(C) बार
(D) व्हील

Q82 ड्रम प्रिंटर निम्नलिखित में से किस श्रेणी से संबंधित हैं?
(A) थर्मल प्रिंटर
(B) इंकजेट प्रिंटर
(C) लेजर प्रिंटर
(D) लाइन प्रिंटर

Q83 कंप्यूटर मॉनीटर एक इलेक्ट्रॉनिक आउटपुट डिवाइस है जिसे __________ के रूप में भी जाना जाता है।
(A) वीडियो डिस्प्ले टैब
(B) वीडियो डिस्प्ले टर्मिनल
(C) वीडियो डिस्प्ले टर्मिनेटर
(D) वीडियो डिस्प्ले टेबुलर

Q84 निम्नलिखित में से किस प्रकार का कंप्यूटर मॉनीटर स्क्रीन पर एक छवि (image) बनाने के लिए इलेक्ट्रॉन पुंज (beam) का उपयोग करता है?
(A) प्रकाश उत्सर्जक डायोड
(B) लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले
(C) कैथोड रे ट्यूब
(D) गैस प्लाज्मा डिस्प्ले

Q85 मशीन के साथ आसान परस्पर क्रिया के लिए उपयोगकर्ता के लिए प्रस्तुत GUI (जीयूआई), संचार का एक दृश्य निरूपण है। GUI (जीयूआई) का पूरा नाम क्या है?
(A) Graphical User Interface (ग्राफिकल यूज़र इंटरफ़ेस)
(B) Gravity User Interface (ग्रेविटी यूज़र इंटरफेस)
(C) Graphical User Interchange (ग्राफिकल यूज़र इंटरचेंज)
(D) Graphical Unique Interface (ग्राफिकल यूनिक इंटरफेस)

Q86 GUI (जीयूआई) ऑपरेटिंग सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(A) हम किसी सिस्टम की मूल कार्यक्षमता को नहीं बदल सकते हैं।
(B) सिस्टम को कार्य करने में कम शक्ति (पॉवर) लगती है।
(C) यह अधिक मेमोरी स्पेस की खपत करती है।
(D) यह साधारण कमांड-आधारित इंटरफेस की तुलना में धीमी है।

Q87 ग्राफिकल यूजर इंटरफेस OS (ओएस) में संचार ________ के साथ परस्पर क्रिया करके किया जा सकता है।
(A) टेक्स्ट–आधारित संचार
(B) कमांड-आधारित संचार
(C) आइकॉन
(D) नेटवर्क

Q88 निम्नलिखित में से किसमें आपके द्वारा देखी गई साइटों के बारे में जानकारी रहती है, या साइट तक पहुँचने के लिए क्रेडेंशियल भी हो सकते हैं?
(A) कुकीज़
(B) प्लग इन्स
(C) एक्टिव एक्स (ActiveX)
(D) जावास्क्रिप्ट

Q89 गूगल क्रोम में किसी वेबसाइट को पसंदीदा (favorites) में शामिल करने के लिए, निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?
(A) Ctrl + D
(B) Ctrl + E
(C) Ctrl + F
(D) Ctrl + B


Q90 वेब ब्राउज़िंग के संदर्भ में बुकमार्क का उद्देश्य क्या है?
(A) विशिष्ट वेबसाइटों को सेव करना और व्यवस्थित करना ताकि आप उन पर बार-बार जा सकें।
(B) उन वेबसाइटों के माध्यम से आगे बढ़ना जिन्हें आपने हाल ही में देखा है।
(C) किसी वेबसाइट से अपने कंप्यूटर पर एक इमेज सेव करना।
(D) छोटे एप्लिकेशन प्लग-इन करना जो आपको अपने वेब ब्राउज़र में विशेष प्रकार की सामग्री देखने की अनुमति देते हैं।

Adda247

GET IT ON Google Play

Q91 कौन-सी उत्तर आकृति दी गई प्रश्न आकृति का सटीक दर्पण प्रतिबिंब है, जब दर्पण को दाहिनी ओर रखा जाता है?

**प्रश्न आकृति:**




(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


Q92 कौन सी विकल्प आकृति नीचे दी गई आकृति के सही जल प्रतिबिंब को प्रदर्शित करती है?



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q93 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक अलग है। जो अलग है उसका चयन करें।

(A) EKI

(B) ZFD

(C) NTR

(D) RWV

Q94 चार शब्द-युग्म दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी न किसी रूप में एक जैसे हैं और एक भिन्न है। जो भिन्न है उसका चयन करें।

(A) शांत : शांति

(B) गहरा : उथला

(C) खोट : दोष

(D) ठंडा : शीतल

Q95 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक अलग है। जो अलग है उसका चयन करें।

(A) TBJ

(B) YLE

(C) TDE

(D) LFB

Q96 उस अक्षर का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) का स्थान ले सकता है।

J, K, M, ? , T, Y

(A) P

(B) O

(C) L

(D) Q

Q97 उस पद का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) का स्थान लेगा।

VRS, TSO, PUK, NVG, ?

(A) JWC

(B) JXC

(C) LWD

(D) LXD

Q98 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या का चयन करें।

4, 5, 7, 11, ?, 35

(A) 17

(B) 18

(C) 21

(D) 19

Q99 एक बहु-राष्ट्रीय कंपनी ABC के लिए कार्यकारी प्रशिक्षुओं के चयन हेतु निम्नलिखित मानदण्ड हैं।

उम्मीदवारों को निम्नलिखित आवश्यकताएँ पूरी करनी होंगी:

a) 60% से अधिक अंकों के साथ व्यवसाय प्रशासन में डिप्लोमा या डिग्री हो।

b) 30 सितंबर, 2022 को 27 वर्ष से कम आयु का हो।

c) परियोजना प्रबंधन में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव हो।

हालाँकि, यदि उम्मीदवार निम्नलिखित को छोड़कर उपरोक्त सभी मानदण्डों को पूरा करता है:

d) (a) को, लेकिन साक्षात्कार में 75% अंक प्राप्त करता है, तो उसका मामला निदेशक, मानव संसाधन को भेजा जाना है।

e) पर (b) को, यदि उम्मीदवार (a) और (c) पूरा करता है, लेकिन उसकी आयु निर्धारित आयु से छह महीने से अधिक या कुछ कम है, तो उसका मामला बैकअप के लिए भर्ती प्रभारी को भेजा जाना है।

श्याम सुंदर B.B.A है और उसने 70% अंक प्राप्त किए थे। उसे प्रबंधन में तीन वर्ष का अनुभव है। उसका जन्म 16 मई 1994 को हुआ था। उसके मामले में क्या फैसला लिया जाएगा?

(A) उसका चयन हो जाएगा।

(B) उसका चयन नहीं होगा।

(C) उनका मामला निदेशक, मानव संसाधन को भेजा जाना है।

(D) उनका मामला भर्ती प्रभारी के पास भेजा जाना है।

Q100 एक निश्चित कूट भाषा में JHMI को LPKM लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में YGAN को कैसे लिखा जाएगा?

(A) QDKA
(B) PDJC
(C) QDJB
(D) PEJB

Q101 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BROTHER' को '30-14-17-12-24-27-14' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'TADPOLE' को कैसे लिखा जाएगा?

(A) 12-31-26-16-17-19-27
(B) 12-32-28-16-17-20-27
(C) 12-31-28-16-17-20-27
(D) 12-32-28-16-17-19-27

Q102 यदि 'रवि', 'प्रिया' का भाई है, प्रिया 'सविता' की पुत्री है, और 'वैभव', 'नोनू' के पिता है, जो सविता के ससुर का इकलौता पुत्र है। 'रवि', 'वैभव' से किस प्रकार संबंधित है?

(A) पिता
(B) दादा
(C) पोता
(D) पोती

Q103 एक निश्चित कूट में, A + B का अर्थ है कि 'A, B के पिता है'। A - B का अर्थ है कि A, B की माता है'। A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'। यदि, M ÷ J + O - Q है, तो M, Q से किस प्रकार संबंधित है?

(A) भांजी
(B) बहन
(C) पुत्री
(D) मौसी

Q104 नमित एक बिंदु 'Z' से शुरूआत करता है और 'Y' पर पहुंचने के लिए पश्चिम की ओर 4 km की यात्रा करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 'Y' और 'Z' के बीच तय की गई दूरी का 2.5 गुना तय करता है और बिंदु 'X' पर पहुंचता है। वहां से वह बाएं मुड़ता है और गंतव्य 'B' तक पहुंचने के लिए 4 km की यात्रा करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और कुछ दूरी तय करता है और बिंदु 'A' पर पहुंचने के लिए Z से 2 km आगे तक जाता है। 'A' और 'B' के बीच न्यूनतम दूरी क्या है और A के सन्दर्भ में B की दिशा क्या है?

(A) 12 km, उत्तर
(B) 12 km, दक्षिण
(C) 8 km, उत्तर
(D) 8 km, दक्षिण

Q105 राजस्थान उड़ान योजना ________ से सम्बंधित है।
(A) अनुसूचित जाति के लिए नि:शुल्क शिक्षा
(B) सेनेटरी नैपकिन के नि:शुल्क वितरण
(C) गरीबों के लिए नि:शुल्क अनाज
(D) ग्रामीण आबादी के लिए नि:शुल्क आवास सुविधा

Q106 राजस्थान सरकार की आस्था कार्ड योजना का उद्देश्य ________ को लाभ पहुंचाना है।
(A) बालिकाओं
(B) दिव्यांग व्यक्तियों
(C) भूतपूर्व सैनिकों
(D) गर्भवती महिलाओं

Q107 राजस्थान में नाहरगढ़ जैविक उद्यान का उद्घाटन वर्ष ________ में किया गया था।
(A) 2014
(B) 2015
(C) 2016
(D) 2017

Q108 निम्नलिखित में से किस वर्ष में जयपुर शहर को यूनेस्को (UNESCO) के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किया गया था?
(A) 2017
(B) 2018
(C) 2019
(D) 2020

Q109 उदयपुर सिटी पैलेस राजस्थान के स्थापत्य अजूबो (मार्वल) में से एक है, जो ________ के तट पर शांतिपूर्वक स्थित है।
(A) दूध तलाई झील
(B) पिछोला झील
(C) फतेह सागर झील
(D) रंग सागर झील

Q110 राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र में पुरुषों की पगड़ी क्या कहलाती है?
(A) पग्गड़
(B) साफ़ा
(C) पगड़ी
(D) पेटा

Q111 निम्नलिखित में से कौन सा राज्य कुंदन गहनों के लिए प्रसिद्ध है?
(A) राजस्थान
(B) कर्नाटक
(C) महाराष्ट्र
(D) ओड़िशा

Q112 निम्नलिखित में से कौन सा राज्य थेवा गहनों के लिए प्रसिद्ध है?
(A) राजस्थान
(B) कर्नाटक
(C) महाराष्ट्र
(D) ओड़िशा

Q113 राजस्थान का परिगणित मरुस्थलीय क्षेत्र लगभग कितना है?

(A) 2,79,250.67 $km^2$

(B) 1,79,250.67 $km^2$

(C) 3,79,250.67 $km^2$

(D) 2,50,267.55 $km^2$

Q114 निम्नलिखित में से किस वर्ष में रणथंभौर को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था?

(A) 1960

(B) 1970

(C) 1980

(D) 1990

Q115 राजस्थान में मंगला तेल क्षेत्र की खोज निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी?

(A) 2003

(B) 2004

(C) 2005

(D) 2006

Q116 मार्च 2022 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार राजस्थान में पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री कौन हैं?

(A) प्रमोद भाया

(B) हेमाराम चौधरी

(C) डॉ. महेश जोशी

(D) लालचंद कटारिया

Q117 राजस्थान की निम्नलिखित में से किस सिंचाई परियोजना द्वारा दाब (छिड़काव (स्प्रिंकलर)) सिंचाई प्रणाली को अनिवार्य बना दिया गया?

(A) नर्मदा नहर परियोजना

(B) चंबल नहर परियोजना

(C) साबरमती नहर परियोजना

(D) बाणगंगा नहर परियोजना

Q118 एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एच.आर.आर.एल.) को वर्ष ________ में निगमित किया गया था।

(A) 2012

(B) 2013

(C) 2014

(D) 2015

Q119 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की ग्रामीण जनसंख्या लगभग कितनी है?

(A) 66.3%

(B) 75.1%

(C) 55.4%

(D) 88.2%

Q120 जैसलमेर मरुस्थल महोत्सव वर्ष के निम्नलिखित में से किस महीने में आयोजित किया जाता है?

(A) अक्टूबर

(B) दिसंबर

(C) फ़रवरी

(D) जनवरी

Q121 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पी.ओ.सी.एस.ओ.) की कौन सी धारा बच्चों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया निर्धारित करती है?

(A) धारा 24 से 26
(B) धारा 19 से 23
(C) धारा 28 से 30
(D) धारा 33 से 38

Q122 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पी.ओ.सी.एस.ओ.) (2019 में संशोधित) की धारा 15 किससे संबंधित है?

(A) बालक को शामिल करने वाली अश्लील सामग्री के भंडारण के लिए सजा
(B) अश्लील उद्देश्य के लिए बालक का उपयोग करने के लिए सजा
(C) गंभीर प्रवेशन लैंगिक हमले के लिए सजा
(D) विशेष न्यायालय

Q123 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पी.ओ.सी.एस.ओ.) की कौन सी धारा बच्चों को विशेषज्ञों और वृत्तिकों की सहायता लेने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का प्रावधान करती है?

(A) धारा 40
(B) धारा 39
(C) धारा 41
(D) धारा 42

Q124 राजस्थान (जिसे पहले राजपूताना के नाम से जाना जाता था) राज्य का गठन ________ को हुआ था।

(A) 7 मई, 1951
(B) 30 मार्च, 1949
(C) 26 जनवरी, 1950
(D) 18 अगस्त, 1949

Q125 भारतीय इतिहास में राजपूत वंशों का प्रभुत्व ________ तक की अवधि के दौरान था।

(A) आठवीं से बारहवीं शताब्दी ई.
(B) छठी से सातवीं शताब्दी ई.
(C) पाँचवीं से नौवीं शताब्दी ई.
(D) तीसरी से पाँचवीं शताब्दी ई.

Q126 13वीं शताब्दी ईस्वी के प्रारम्भ में राजस्थान का सबसे प्रमुख और शक्तिशाली राज्य कौन सा था?

(A) मेवाड़
(B) मारवाड़
(C) शेखावटी
(D) सिसोदिया

Q127 राजस्थान के निम्नलिखित में से किस शहर को मत्स्य नगर (फिश सिटी) के नाम से भी जाना जाता है?

(A) अजमेर
(B) अलवर
(C) बीकानेर
(D) उदयपुर

Q128 जम्मू और कश्मीर में फरवरी या मार्च माह में कश्मीरी पंडितों द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा प्रमुख त्योहार मनाया जाता है?
(A) हेमिस महोत्सव
(B) हेराथ महोत्सव
(C) गलडन नामचोट
(D) स्पितुक गस्टर

Q129 निम्नलिखित में से कौन सा कढ़ाई शिल्प, मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर में तैयार किया जाता है?
(A) धरनिया
(B) हीर
(C) कशीदाकारी
(D) कसूती

Q130 गंधर्व वेद कहलाने वाला संगीत विज्ञान ________ का एक उपवेद है।
(A) सामवेद
(B) यजुर्वेद
(C) ऋग्वेद
(D) अथर्ववेद

Q131 भूत आराधने, निम्नलिखित में से किस राज्य की एक लोकप्रिय नृत्य शैली है?
(A) पश्चिम बंगाल
(B) तमिलनाडु
(C) ओडिशा
(D) कर्नाटक

Q132 1926 में स्थापित किया गया भातखंडे संगीत संस्थान ________ में स्थित है।
(A) भोपाल
(B) लखनऊ
(C) दिल्ली
(D) अहमदाबाद

Q133 मार्च 2022 में दिवंगत, ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध खिलाड़ी शेन वार्न निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित थे?
(A) हॉकी
(B) फ़ुटबॉल
(C) क्रिकेट
(D) बास्केटबॉल

Q134 31वें दक्षिणपूर्व एशियाई खेलों का आयोजन मई 2022 में ________ में किया जाएगा।
(A) चीन
(B) हांगकांग
(C) जापान
(D) वियतनाम

Q135 निम्नलिखित में से किस टीम ने बेंगलुरु में प्रो कबड्डी लीग सीज़न 8 में जीत प्राप्त की?
(A) दबंग दिल्ली
(B) बंगाल वॉरियर्स
(C) पटना पाइरेट्स
(D) जयपुर पिंक पैंथर्स

Q136 मार्च 2022 में मिस्र की राजधानी काहिरा में आयोजित, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप की महिलाओं की 10 m एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में निम्नलिखित में से किसने स्वर्ण पदक जीता?
(A) यशस्विनी सिंह देसवाल, मनु भाकर, श्री निवेथा
(B) श्री निवेथा, ईशा सिंह और रुचिता विनेरकर
(C) निशा कंवर, श्रीयंका शदांगी, अपूर्वी चंदेला
(D) ईशा सिंह, अपूर्वी चंदेला, मनु भाकर

Q137 भागीरथी नदी, गंगोत्री हिमनद से निकलती है और उत्तराखंड में ________ में अलकनंदा से मिल जाती है।

(A) कनाताल

(B) चंबा

(C) देवप्रयाग

(D) घनसाली

Q138 निम्नलिखित में से कौन सी नदी, भारत के दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व भाग की ओर प्रवाहित **नहीं** होती है?

(A) केन

(B) नर्मदा

(C) बेतवा

(D) चंबल

Q139 निम्नलिखित में से कौन सी, एक बागानी फसल **नहीं** है?

(A) चावल

(B) कोको (Cocoa)

(C) कपास (Cotton)

(D) अनानास

Q140 जिन क्षेत्रों में किसान केवल ____________ में विशेषज्ञता रखते हैं, वहाँ कृषि को ट्रक कृषि के रूप में जाना जाता है।

(A) गन्ना

(B) बाजरा

(C) धान

(D) सब्जियों

Q141 निम्नलिखित में से कौन सा, रसायन आधारित उद्योग है?

(A) तारपीन

(B) चमड़ा

(C) रेशा

(D) मिट्टी के बर्तन

Q142 निम्नलिखित में से कौन सा, कृषि आधारित उद्योग **नहीं** है?

(A) सूती वस्त्र

(B) चीनी

(C) खाद्य तेल

(D) कागज़

Q143 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात ________ था।

(A) 829

(B) 894

(C) 918

(D) 912

Q144 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या घनत्व कितना है?

(A) 382

(B) 398

(C) 323

(D) 356

Q145 माइक्रोसॉफ्ट वर्ड 2019 में "पैराग्राफ (Paragraph)" कमांड ग्रुप का उपयोग करके निम्नलिखित में से क्या **नहीं** किया जा सकता है?

(A) बुलेटयुक्त सूची का निर्माण

(B) संख्यांकित सूची का निर्माण

(C) इंडेंटेशन और लाइन स्पेसिंग

(D) फ़ॉन्ट्स और इफेक्ट सेटिंग्स

Q146 एमएस-एक्सेल (MS-Excel) 2019 में, "नेम बॉक्स (Name Box)" ________ सेल का एड्रेस प्रदर्शित करता है।

(A) अंतिम

(B) सक्रिय

(C) आखिर से दूसरे

(D) प्रथम

Q147 एमएस-एक्सेल (MS-Excel) 2019 वर्कशीट के सेल में मान दर्ज करते समय, प्रविष्टि को रद्द करने के लिए ________ कुंजी दबाएँ।

(A) टैब

(B) कोई भी ऐरो कुंजी

(C) एस्केप (Esc)

(D) स्पेस बार

Q148 एमएस-एक्सेल (MS-Excel) 2019 में वर्कशीट (निचले-दाएँ कोने) पर अंतिम उपयोग किए गए सेल में सेल के चयन का विस्तार करने के लिए निम्नलिखित में से किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?

(A) Ctrl + Shift + End

(B) Ctrl + End

(C) Ctrl + Home

(D) Ctrl + Alt

Q149 एमएस-एक्सेल (MS-Excel) 2019 वर्कशीट की एक से अधिक पंक्तियों का चयन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी शॉर्टकट कुंजि का उपयोग किया जाता है जो निरंतर रेंज में होती हैं?

(A) Alt

(B) Enter

(C) Shift

(D) Ctrl+Shift

Q150 दक्षिण भारत में, बसे गाँव, जिनमें व्यापारियों और सौदागरों का प्रभुत्व होता था, वे ________ कहलाते थे।

(A) नगरम

(B) ब्रह्मदेय

(C) अग्रहर

(D) उर

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

रफ कार्य

Adda247
GET IT ON Google Play

# रफ कार्य

रफ कार्य

Adda247
GET IT ON Google Play

रफ कार्य